# Dr. Babasaheb Ambedkar Open University, Ahmedabad

**Term-End Examination : January-2026**

**Course Name : BAHONSHND** **Date : 13-02-2026**

**Subject Name : हिंदी कहानियाँ** **Time : 11:30AM TO 01:45PM**

**Subject Code : HNDMJ/N-101** **Max Marks : 70**

---

**प्रश्न-1. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। ( 14 )**

(1) संस्कृत, पाश्चात्य और हिंदी विद्वानों की परंपरा में साहित्य को किस प्रकार परिभाषित किया गया है?

(2) उन्नीसवीं शती के पूर्व के हिंदी गद्य साहित्य का परिचय दीजिये.

**प्रश्न-2. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। ( 14 )**

(1) 'साहित्य' शब्द का अर्थ बताते हुए साहित्य की अवधारणा स्पष्ट कीजिए.

(2) द्विवेदी युग में हिंदी गद्यसाहित्य की प्रगति का विवरण दीजिए.

**प्रश्न-3. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। ( 14 )**

(1) उन्नीसवीं शती में किन कारकों ने हिंदी गद्य के विकास में उल्लेखनीय योगदान किया?

(2) सचेतन कहानी की विशेषताएँ दर्शाइए.

**प्रश्न-4. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी दो प्रश्न का उत्तर दीजिए। ( 14 )**

(1) संस्कृत परंपरा में 'साहित्य' की परिभाषा

(2) संस्कृत काव्यशास्त्रियों द्वारा दिये गये काव्य के छह प्रयोजन

(3) पाश्चात्य विचारधारा में साहित्य का उद्देश्य

(4) जनवादी कहानी के प्रमुख साहित्य कार

**प्रश्न-5. सही विकल्प चुनें. ( 14 )**

**(1) 1. "ज्ञानराशि के संचित कोश का नाम साहित्य है". – किसने कहा है?**

A) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी B) बाबू श्यामसुंदर दास

C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी D) बाबू गुलाबराय

**(2) 1. किस शती में भारत में राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में व्यापक उथल पुथल हुई? (क) (ग) (घ)**

A) सत्रहवीं B) अठारहवीं

C) उन्नीसवीं D) बीसवीं

**(3) "कोई रचनाकार जब अपने चारों ओर से होने वाले अनुभवों को अपने शब्दों में ढाल कर पेश करता है तो वह 'साहित्य' बन जाता है." – साहित्य की यह सार्वभौम सर्वकालिक परिभाषा किस विचारक द्वारा दी गयी परिभाषा से निकला है?**

A) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी B) बाबू श्यामसुंदर दास

C) बाबू गुलाबराय D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

**(4) हिंदी का पहला समाचार पत्र है –**

A) बनारस अख़बार B) उदंत मार्तंड

C) सुधाकर D) समाचार सुधावर्षण

**(5) हिंदी का पहला उपन्यास माना जाने वाला 'भाग्यवती' किसका लिखा हुआ है?**

A) बाबू नवीनचंद्र राय B) इंशाअल्लाह खाँ

C) पं. श्रद्धाराम फुल्लौरी D) पं. सदासुखलाल नियाज़

**(6) हिंदी भाषा और साहित्य के लिए ‘सरस्वती’ पत्रिका का क्या योगदान है?**

A) हिंदी भाषा को एकरूपता प्रदान करना. B) गद्य की सभी विधाओं में लेखन को प्रोत्साहन देना.

C) तत्कालीन नवोदित लेखकों को प्रतिष्ठित मंच प्रदान करना. D) उपर्युक्त सभी

**(7) ‘रक्षाबंधन’ कहानी किस पत्रिका में प्रकाशित हुई ?**

A) इन्दु B) सरस्वती

C) माधुरी D) हंस

*********